ब्रीफ न्यूज

रोडवेज बुकिंग में चोरी का विफल प्रयास

देवली (सीमसं.)। शहर के बीचोबीच बस स्टैंड पर स्थित रोडवेज बुकिंग के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया, हालांकि उनके हाथ कुछ नहीं लगा। रोजवेज बुकिंग कर्मचारी दसरथदास बैरागी ने बताया कि वो सुबह 5 बजे बुकिंग खोलने आए तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। देखते ही देखते बुकिंग के आसपास लोगों व स्थानीय दुकानदारों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद थड़ी मालिक मोंटी से मिली जानकारी के अनुसार घटना का पता लगते ही देवली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने पर बुकिंग के अंदर प्रवेश किया गया। भीतरी नजारा देख बुकिंग कर्मचारियों के होश उड़ गए। सारा सामान अस्त-व्यस्त था, जरूरी दस्तावेज से भरी अलमारी का ताला टूटा हुआ था, मगर नगद राशि नहीं होने के कारण इतनी मशक्कत के बाद भी चोरों के हाथ कुछ नहीं लगा, लेकिन यह घटना पुलिस के ढुलमुल रवैये पर प्रश्नचिन्ह जरूर खड़े कर गई है।

युवाओं को एक होने का समयः यादव

देवली (सीमसं.)। जयपुर से कोटा युवा संसद में भाग लेने जाने के दौरान भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री जेपी यादव का देवली बाईपास पर स्वागत किया गया। यादव ने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान का मुंहतोड़ जवाब देते हुए सर्जिकल स्ट्राइक-2 की है। आज हम सभी युवाओं को एक होने का समय आ गया है। देश के प्रति हमारा धर्म, कर्तव्य निभाने का समय आ गया है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि हमें सोशल मीडिया पर भी संयमित रहते हुए देश के सैनिकों की मदद करनी है। ऐसी कोई गलत पोस्ट या मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल ना करें, जिससे देश के सैनिकों को नुकसान हो। इस दौरान युवा नेता मनोज शर्मा, शिवराज बाउजी, राहुल बलसोरा, तेजेन्द्र पारीक, रोहित साहू समेत कई लोग मौजूद रहे।

'तनावमुक्त होकर योजनाबद्ध तरीके से करें अध्ययन'

देवली (सीमा संदेश संवाददाता)। केशव वैली सेकंडरी स्कूल में गुरुवार को बोर्ड परीक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स बताए गए। साथ तिलक लगाकर परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मनीष बागड़ी ने कक्षा 8 की छात्राओं के तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर परीक्षा में सफल होने की शुभकामना दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षा कठिन व दुर्लभ नहीं है। परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर व योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करें। सहायक निदेशक आशीष बागड़ी ने कहा कि विद्यार्थी पूरे सत्र के समय को भूल कर अपना लक्ष्य तय करें। एकाग्रता के साथ अध्ययन कर सफलता हासिल करें। प्रधानाध्यापिका मेधावती राजावत ने अभी से तैयारी में जुटकर परीक्षा में वांछित सफलता प्राप्त करने की सलाह दी। शिक्षिका रीना मीणा ने कक्षा पांच एवं आठ के विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के गुर सिखाए। इस दौरान शिक्षिका शकुंतला मेघवाल, सुनीता मेघवाल आदि ने विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी से संबंधित जानकारी दी।

बिल्डर्स एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

देवली (सीमसं.)। बिल्डर्स एसोसिएशन देवली अध्यक्ष अंबालाल मीणा के सानिध्य में उपखंड अधिकारी को बिल्डर्स की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि इसमें ठेकेदारों को गत 5-6 माह से किसी भी विभाग में किए गए कार्यों का भुगतान बजट के अभाव में नहीं हो पा रहा है। इससे ठेकेदारों को मानसिक व आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में सरकारी व अन्य कार्य बजरी की उपलब्धता नहीं होने के कारण विभागीय ठेकेदार के कार्य पूर्णतः बंद पड़े हैं, जिसके कारण मजदूरों व ठेकेदार के परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक समस्या का संकट उत्पन्न हो गया है।

सीआरपीएफ कमांडो की पत्नी से मारपीट

टोंक (सीमसं.)। सीआरपीएफ में कार्यरत कमांडो की पत्नी ने मकान बनाने के दौरान समान फेंकने, मारपीट करने एवं परेशान करने वाले लोगों के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार की है। पीड़िता रेणु गुर्जर पत्नी हंसराज गुर्जर ने बताया कि उसका पति सीआरपीएफमें कमांडो है। बमोर दरवाजा के पास गुर्जर मौहल्ले में उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। पीड़िता बुधवार शाम अपने निर्माणाधीन मकान पर थी कि अचानक गोपाल गुर्जर, राजू गुर्जर पुत्र रामलाल गुर्जर, भागचन्द गुर्जर, सोनू गुर्जर पुत्र प्रहलाद गुर्जर आये और गाली गलौच कर पीड़िता से मारपीट करते हुए समान फेंक दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि हमारा भाई पुलिस मे है। तुम्हारी कोई नही सुनेगा। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफकानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

स्वाईनफ्लू ने ली एक ओर जान

मालपुरा (सीमसं.)। मालपुरा शहर में लगातार पैर पसार रही जानलेवा स्वाईनफ्लू बीमारी ने क्षेत्र में एक ओर जिंदगी को लील लिया। उपखंड के पचेवर थानाक्षेत्र के बापडूंदा गांव निवासी श्योजीराम गुर्जर (50) की गुरुवार को मौत हो गई। एक सप्ताह श्योजीराम को जयपुर में निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। श्योजीराम की मौत की सूचना पर गांव में शोक छा गया।

विज्ञान मेले का आयोजन

धौलपुर (सीमसं.)। दिशा परियोजना के अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतन का पुरा में दिशा विज्ञान बाल मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन एडीपीसी मुकेश गर्ग ने किया। छात्र-छात्राओं ने कबाड़ से जुगाड़ करके विज्ञान के उपयोगी मॉडल बनाएं। पवन चक्की, सौर ऊर्जा, सौर चूल्हा, डिस्पोजल सिरिंज से बना एयर पंप, रेट घड़ी, म्यूजिक सिस्टम और वाटर लेवल प्रमुख आकर्षण के केंद्र थे। एसीपी श्रीमती उमेश शर्मा और पीओ सुश्री मुक्ता शर्मा ने विज्ञान मेले में बच्चों के बनाए गए मॉडलों को बारीकी से देखा और उनसे उनके बारे में जाना। दिशा परियोजना की एकेडमिक कोऑर्डिनेटर श्रीमती सीमा बिदावत और आर पी अनुराग माथुरए आर पी रवि और प्रदीप उपाध्याय ने दिशा परियोजना के कार्यों को दिखाने के लिए मंच तैयार किया जिसके माध्यम से दिशा के शैक्षणिक व शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

लाडो शक्ति-संवर्द्धन अभियान की मेहनत रंग लाई

ग्राम भ्रमण के दौरान विभिन्न योजनाओं के भरवाए आवेदन

टोंक (सीमा संदेश संवाददाता)। टोंक पंचायत समिति की 20 ग्राम पंचायतों में लाडो शक्ति एवं संवर्द्धन अभियान के पूरा होने पर गुरुवार को यहां नेहरू सभागार में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मौजूद प्रधान जगदीश गुर्जर, मुख्य आयोजना अधिकारी अमीलाल दिलेन्द्र, विकास अधिकारी ब्रजमोहन गुप्ता को अभियान दल के संयोजक विपिन तिवाड़ी ने पिछले एक माह में ग्राम भ्रमण के दौरान किये गए कार्यों की रिपोर्ट तथा सरकारी सुविधाओं से अब तक महरूम रहे चिन्हित 440 जनों के पालनहार, पेंशन, श्रमिक कार्ड आदि तैयार किये गये ग्राम पंचायतवार आवेदनों की सूची सौंपी। चर्चा में बाल विवाह के दुष्परिणामों को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया के विशेष योगदान की सराहना करते हुए संयोजक विपिन तिवाड़ी ने बताया कि बालिकाओं की आवाज प्रमुखता से अभियान के दौरान उठाई गई। प्रधान गुर्जर ने बताया कि 6 मार्च 2019 को सोहेला के रा.उ.मा.वि में होने वाले लाडो शक्ति विकास मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें संबंधित आवेदनों का निस्तारण कर जरूरतमंदों को लाभान्वित करवाया जायेगा।

मुख्य आयोजना अधिकारी दिलेन्द्र ने बताया कि अभियान दल ने टोंक की 20 ग्राम पंचायतों में दो बार भ्रमण कर अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचने का प्रयास किया है, जिससे वंचित लाभार्थियों का पता लगाया गया है। ब्लाक स्तरीय मेले में सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ब्लाक स्तर के अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। इस मोके पर अजय तिवाडी, ग्राम मित्र रोहित पारीक, मुकेश गुर्जर, सोना बैरवा, संध्या भारद्वाज, पप्पू पांचाल, दीपक, धर्मेन्द्र आदि ग्राम मित्र मौजूद रहे।

आठ साल से फरार वारंटी को दबोचा

टोंक (सीमसं.)। पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए गए विशेष अभियान के निर्देशों की पालना में मेहंदवास थाने के कांस्टेबल घनश्याम एवं धनराज द्वारा मेहंदवास थाने के वांछित स्टैन्डिंग वारंटी सोनू पुत्र रामकरण शर्मा निवासी वनस्थली हाल जयपुर को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। बताया जा रहा है कि मेहंदवास थाना के आठ वर्ष पूर्व के प्रकरण 54/11 में आरोपी फरार चल रहा था, जिसे जयपुर से दस्तयाब कर न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टोंक के समक्ष पेश किया गया।

मालपुरा में भाजपा का सम्मान समारोह

डिप्टी सीएम पायलट को जनता के लिए समय नहीं: चौधरी

मालपुरा (सीमा सन्देश संवाददाता)। महेश सेवा सदन में भारतीय जनता पार्टी मालपुरा द्वारा तहसील स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक व लोकसभा चुनाव सहसंयोजक कन्हैय लाल चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष गणेश माहूर, जिला महामंत्री नरेश बंसल, जिला मंत्री नरेन्द्र जैन नीट, महिला जिलाध्यक्ष बीना छामुनियां, प्रधान सरोज चौधरी, डीआर रामचंद्र गुर्जर, लोकसभा विस्तारक जितेन्द्र कुमार, पालिका उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सैनी, भाजपा शहर अध्यक्ष दिनेश विजय, एससी मोर्चा जिला पदाधिकारी महावीर बडगुर्जर ने समारोह में शिरकत की।

इस अवसर पर विधायक चौधरी ने कांग्रेस सरकार को निशाना बनाते हुए कहा कि राज्य के डिप्टी सीएम सचिन पायलट को जनता के लिए समय ही नही है। वह जनता के बीच जाते नही तो उन्हें समस्याओं का पता कहां से चलेगा। डीप्टी सीएम पायलट तो अधिकारियों व कर्मचारियों की जानकारी पर ही निर्भर है तथा अधिकारी व कर्मचारी जतना को राहत नहीं दे पा रहे। क्षेत्र में ओलावृष्टि के मुआवजे के लिए आज भी किसान भटकते फिर रहे हैं लेकिन सरकार अपना वादा भूल आगामी लोकसभा चुनाव में जीत के लिए जनता को फिर मूर्ख बनाने में लगी हुई है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बारह दिन में पुलवामा हमले का बदला लेते हुए 40 शहीदों की शहादत के बदले 350 आतंकियों को मौत के घाट उतार देश के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

सांसद जौनापुरिया ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जनता जर्नादन का आशीर्वाद मांगा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के हर आम आदमी का रखवाला बताते हुए देश हित में कार्य करने वाले प्रधानमंत्री बता आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान मालपुरा तहसील के प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैग, डिक्सनरी, गणवेश प्रदान कर सम्मानित किया गया वहीं मालपुरा तहसील के 500 से अधिक प्रबुद्धजन नागरिकों को वस्त्र वितरित कर सम्मानित किया। समारोह के बाद मालपुरा न्यायालय परिसर पहुंच सांसद जौनापुरिया ने बार अध्यक्ष एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एडवोकेट रघुवीर सिंह आखतड़ी व अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शॉल ओढाकर सम्मान किया।

मालपुरा सम्मान समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान करते सांसद व विधायक

36 रन से शहर मण्डल ने जीता 'कमल कप'

धौलपुर (सीमसं.)। भाजयुमो धौलपुर द्वारा प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित 14 सूत्री कार्यक्रम के तहत नमो विद नेशन कार्यक्रम के तहत कमल कप प्रतियोगिता का आयोजन बड़ी फील्ड में किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी युवा मोर्चा कार्यकारी जिलाध्यक्ष हरेंद्रसिंह राव ने बताया कि प्रतियोगिता में भाजपा शहर मण्डल धौलपुर टीम के साथ भाजपा शहर मण्डल कोठी धौलपुर के बीच मुकाबला हुआ। सह मीडिया प्रमुख महेश यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ लोकसभा प्रभारी सत्यनारायण जैमन व जिलाध्यक्ष भाजपा बहादुरसिंह त्यागी ने किया। टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लेकर शहर मण्डल टीम ने निर्धारित 15 ओवर्स में 145 रन बनाकर शहर मण्डल कोठी टीम को 146 रन बनाने का लक्ष्य दिया। शहर मंडल कोठी धौलपुर की टीम ने धुंआधार बल्लेबाजी की, परंतु गेंदबाजी के सामने बल्लेबाज बिखरते नजर आये और एक के बाद एक बल्लेबाज आउट होने पर लक्ष्य हासिल नहीं कर पाये और 36 रन शेष रहते ही पूरी टीम आउट हो गई। मेन ऑफ द मैच शम्भू को दिया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रानी सिलोटिया, जिला महामंत्री सरीफ खान, जिला उपाध्यक्ष डॉ हेमसिंह लोधा, अकील अहमद बॉबी, शैलेन्द्रसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व दर्शक मौजूद रहे।

बीडीओ ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

मालपुरा (सीमसं.)। लोकसभा चुनाव 2019 के अंतर्गत मतोत्सव मत का अधिकार मतदान एवं सत्यापन कार्यक्रम के तहत गुरूवार को मालपुरा नगरपालिका कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को बीडीओ राजेश्वरी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगरपालिका जेईएन चंद्रप्रकाश चौधरी व कर्मचारी प्रीतम सिंधी, संगीता लक्ष्यकार, संगीता पारीक व अन्य मौजूद रहे।

टांडा में मनाया विज्ञान दिवस

धौलपुर (सीमसं.)। राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय टांडा धौलपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य अखिलेशकुमार श्रीवास्तव ने की। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना, प्रेरित करना तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ अध्यापक अनिल उपाध्याय ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न तथ्यों से अवगत करवाकर लाभान्वित किया। वहीं मासिक निरीक्षण के दौरान रा.प्रा.वि बरावट व रा.प्रा.वि जायेरा का पुराजाटवान में भी टांडा के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को विभिन्न जानकारी दी।

टैक्सी यूनियन ने थानाधिकारी व्यास को दी विदाई

मालपुरा (सीमसं.)। मालपुरा टैक्सी यूनियन ने गुरूवार को मालपुरा थानाधिकारी नवनीत व्यास को विदाई दी। गुरूवार सवेरे ढोल ढमाको के साथ हाथ में माला लिए बड़ी संख्या में मालपुरा थाना परिसर पहुंचे टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने थानाधिकारी नवनीत व्यास को माला व साफा पहनाकर तथा मुंह मीठा करवाकर विदाई दी। थानाधिकारी व्यास ने सभी टेक्सी यूनियन सदस्यों का आभार जताया।

नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन साल की सजा

टोंक (सीमसं)। नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने आरोपी को तीन साल की सजा से दण्डित किया है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली अन्तर्गत 25 मई 18 को धन्ना तलाई निवासी आरिफ के विरुद्ध पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज करवाया था कि बाहर शौच के लिए जाने के दौरान आरीफ उसकी पुत्री को जबरन बाड़े में ले गया और छेड़छाड़ की। बाद में लड़की के शोर मचाने पर भाग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया, जिस पर विशिष्ठ न्यायाधीश पोक्सो रमाकान्त शर्मा ने आरोपी को 3 साल की सजा सुनाई है।

कार्यकर्ताओं ने सुना 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम

टोंक (सीमसं.)। टोंक सांसद कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री के मेरा बूथ सबसे मजबूत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम को देखने का अवसर मिला।

भाजपा के लोकसभा मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि इसके माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के प्रत्येक दायित्वान व जागरुक कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि कार्यकर्ता जिस भी जिम्मेदारी पर खड़ा है, परीक्षा की इस घड़ी में वह और जिम्मेवारी के साथ दिन रात समर्पित और विश्वास की भावना के साथ काम करते हुए जनता के भरोसे को जीते। संदेश में बताया कि भारत विश्व की तीसरी ताकत बनकर उभरे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को चट्टान बन कर खड़े रहने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की कोशिश होनी चाहिए कि प्रत्येक घर, दुकान, वाहन पर भाजपा का झंडा लहराता दिखाई दे। इस अवसर पर टोंक के तीनो मंडलों के अध्यक्ष विष्णु शर्मा, कालूराम बागड़ी, बाबूलाल महेश्वरी, प्रवक्ता शैलेश सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष महेश जोशी, महामंत्री धोलू राम गुर्जर, मंत्री संजय मलिक, बद्री पराना, राम लाल केवट, बाबूलाल साहू, गणेश सैनी, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद आसिफ खान, रंग लाल बैरवा आदि कई मौजूद रहे।

मंदिरों से चांदी के छत्र व नगदी पार

टोंक (सीमसं)। मेहन्दवास थाना क्षेत्र के ग्राम लहन में बीती रात चोरों ने दो मंदिरों को निशाना बनाते हुए चांदी के छत्र व पुजारी की जेब से नगदी तक पार कर ले गए। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर लहन स्थित लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर से एक चांदी का छत्र व चंवर तथा पास ही में दूसरे सीताराम जी के मंदिर से दो चांदी के छत्र तथा सोए हुए पुजारी की जेब से छह हजार रुपए नगद पार कर ले गए। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू की है।

लोकसभा चुनावों को लेकर की चर्चा

देवली (सीमसं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाईव महासंवाद 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा हुई। भाजपा के वरिष्ठ नेता शिखरचंद जैन ने कहा कि भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान पर हमला कर पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों की शहादत का बदला लेकर सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है। देवली-उनियारा पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन, वरिष्ठ कार्यकर्ता शिखरचंद जैन, प्रेमचंद शर्मा, श्रीमती शकुंतला वर्मा, जितेंद्रसिंह चौधरी, प्रभारी संजय सिंघल सहित भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एपीएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सीआईएन : L21015RJ1973PLC015819
पंजीकृत कार्यालय : एसपी-147, रीको इंडस्ट्रीयल एरिया, भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान- 301019
फोन : (01493)-265400, फैक्स : (01493)-265413
Email Id: delhi@apmindustries.co.in ; Website : www.apmindustries.co.in

डाक मतपत्र के लिए सूचना

कम्पनीज एक्ट, 2013 (अधिनियम) की धारा 110 सहपठित कम्पनीज (प्रबंधन व प्रशासन) नियम, 2014 समय-समय पर संशोधित की अनुपालना में **28 फरवरी, 2019** के अनुसार कंपनी

(i) डाक मतपत्र की सूचना अभानतदार साझेदारों सहित उन सदस्यों को ई-मेल कर चुकी है जो रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी रखते हैं; और

(ii) डाक मतपत्र प्रपत्र सहित डाक मतपत्र सूचना और स्वयं का पता लिखा पूर्व भुगतान व्यापारिक जवाबी लिफाफा सदस्यों को भेजने का काम पूरा कर दिया है जो रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी नहीं रखते हैं।

उल्लेखित मामलों के लिये डाक मतपत्र से इलेक्ट्रॉनिक मतदान सहित के बारे में डाक मतपत्र सूचना दिनांक **26 फरवरी, 2019** कम्पनी के सदस्यों को पूछताछ स्वीकृति के लिये भेजी जा रही है :

विषय संख्या	विशेष प्रस्ताव का वर्णन
1.	कंपनी के स्वतंत्र गैर कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री खूबीराम गुप्ता (डीआईएन:00027295) की निदेशन जारी रखने
2.	कंपनी के स्वतंत्र गैर कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री रामरतन बागड़ी (डीआईएन:00275313) की निदेशन जारी रखने

मताधिकार सदस्य के नाम से कट ऑफ डेट अर्थात आरटीए/एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा रखे जाने वाले सदस्यों/लाभभोगी श्रेणी की पंजिका के अनुसार **शुक्रवार, 22 फरवरी, 2019** को पंजीकृत इक्विटी शेयर के दत्त मूल्य दाम पर निर्धारित किये जायेगा। जो व्यक्ति कट ऑफ डेट को सदस्य नहीं है वह इस सूचना का केवल 'सूचना के उद्देश्य' से ही व्यवहार करे।

कंपनी डाक मतपत्र सूचना में कार्यवाही पर अपने मताधिकार के प्रयोग के लिये सदस्यों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम ई-मतदान की सुविधा का प्रस्ताव दे रही है। इसकी सूचना मतदान के लिए हिदायत के साथ कंपनी की वेबसाइट www.apmindustries.co.in और एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सदस्य मतदान की केवल एक पद्धति को अपना सकेंगे अर्थात या तो भौतिक डाक मतपत्र से या ई-मतदान के द्वारा। किसी स्थिति में सदस्य भौतिक मतपत्र तथा ई-मतदान से अपना वोट देते हैं तो ई-मतदान के माध्यम से दिया गया वोट मान्य होगा और भौतिक मतपत्र से किया गया मतदान अमान्य व्यवहारित होगा। डाक मतपत्र प्रपत्र न मिलने की स्थिति में सदस्य **delhi@apmindustries.co.in** पर आवेदन मेल कर सकते हैं।

डाक मतपत्र और ई-मतदान के जरिये मतदान का समय **शुक्रवार 1 मार्च, 2019 को प्रातः 9:00 बजे** शुरू होगा और **शनिवार 30 मार्च, 2019 को सायं 5:00 बजे** समाप्त होगा। इस समय के अतिरिक्त डाक से अथवा इलेक्ट्रॉनिक (अर्थात ई- मतदान) मतदान की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों से आग्रह है कि नोट करें कि पूर्ण किये हुए व हस्ताक्षरित डाक मतपत्र प्रपत्र संवीक्षक -श्री रवि शर्मा (सदस्यता नं. FCS 4468 व प्रैक्टिस प्रमाणपत्र नं.3666), सांझेदार मैसर्स आरएसएम एंड कंपनी; कंपनी सैक्रेटरीज कार्य के पास पहुचायें जो **शनिवार,30 मार्च 2019 को सायं 05:00** से बाद नहीं हो। **शनिवार, 30 मार्च, 2019(सायं 05:00)** के बाद प्राप्त होने वाले डाक मतपत्र मान्य के रूप में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

डाक मतपत्र का परिणाम चेयरमैन या उसके द्वारा अधिकृत अन्य किसी निदेशक द्वारा **सोमवार,1 अप्रैल 2019 को सायं 05:00 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय **एसपी-147, रीको इंडस्ट्रीयल एरिया, भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान- 301019** में घोषित किये जायेंगे। यह परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.apmindustries.co.in और NSDL यानें www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित किये जायेंगे और बीएसई लिमिटेड को भी संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ सूचित किया जायेगा।

डाक मतपत्र (ई-मतदान सहित) किसी भी पूछताछ/शिकायत के संबंध में सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सैक्शन पर उपलब्ध सदस्यों के लिये फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन्स (एफएक्यूज) और सदस्यों के लिये ई-मतदान प्रयोगकर्ता नियमावली पर जा सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 1800-222-990 या सुश्री ज्योति उपाध्याय, कंपनी सैक्रेटरी, टेलीफोन नं. 011-26441016 से संपर्क कर सकते हैं। पास करने के लिये प्रस्तावित प्रस्ताव के संबंध में किसी पूछताछ के लिये सदस्य अथोहस्ताक्षरकर्ता से 910 चिरंजीव टावर, 43 नेहरू पैलेस, नई दिल्ली-110019 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा delhi@apmindustries.co.in पर ईमेल लिख सकते हैं।

दिनांक : 1 मार्च, 2019
स्थान : नई दिल्ली

एपीएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिये
ज्योति उपाध्याय
कंपनी सैक्रेटरी

अपील शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पुलवामा में शहीद स्मारक निर्माण के लिए जुटें देशभक्तः खान

टोंक (सीमा संदेश)। कश्मीर के पुलवामा में सैनिकों के शहादत स्थल पर शहीद स्मारक के निर्माण के लिए देशभर के शहीद स्मारकों से एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित कर तथा हर शहीद के परिवार से एक ईंट लेकर पुलवामा में बनने वाले स्मारक की तैयारी को लेकर जय हिंद सोशल डवलपमेंट सोसायटी के बैनर तले गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कांगेस नेता विमल यादव, स्पेशल गेस्ट अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण के राष्ट्रीय संयोजक व रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष अकबर खान रहे। अध्यक्षता चिकित्सा प्रकोष्ठ कांग्रेस डॉ नवनीत सक्सेना ने की। विशिष्ठ अथिति सोसायटी के प्रेसिडेंट अनीश कुमार, विद्यालय डायरेक्टर अमित सैनी रहे। इस मौके पर रेल आन्दोलन के नेता अकबर खान ने पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि हमें गर्व है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। अब शहीद स्मारक बने, इसके लिए हर देश भक्त को आगे आना चाहिये। इस मोके पर प्रताप सेना के प्रमुख दशरथसिंह पंवार, रामलाल मीणा आदि मौजूद थे।